हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज

शनिवार 9 अगस्त 2025 बर्ष 01 अंक 93 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

हमें आने वाले कल से अपने आप अच्छे होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आज की गयी मेहनत और तैयारी ही उसे अच्छा बना सकती है।

## राजगीर में एशियन रग्बी अंडर–20 चौंपियनशिप का भव्य आगाज़, 9 देशों के खिलाड़ी खिताब जीतने को तैयार

संवाददाता केशव न्यूज । राजगीर (नालंदा) – नालंदा जिले के राज्य खेल अकादमी, राजगीर में 9 और 10 अगस्त को एशियन रग्बी अंडर–20 चौंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने खेल भावना को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार की पहचान स्थापित करने के संकल्प को दोहराया।






उद्घाटन समारोह में खेल में भाग लेने आए सभी खिलाड़ियों का पारंपरिक ढंग से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मंच से खिलाड़ियों का परिचय कराया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। समारोह को और भी खास बनाने के लिए पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोकनृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में कुल 9 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें भारत के अलावा नेपाल, चीन, हांगकांग, उज़्बेकिस्तान, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और कजाकिस्तान की टीमें शामिल हैं। ये सभी टीमें दो दिनों तक खिताब जीतने के लिए मैदान में अपने कौशल और दमखम का प्रदर्शन करेंगी। खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का माहौल है, और दर्शक भी इस ऐतिहासिक खेल आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में मौजूद हैं।
ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबा. `धन में कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध की पावन धरती, राजगीर, इस तरह की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने सभी विदेशी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, "हम चाहते हैं कि आप बार–बार यहां आएं, खेल में भाग लें और इस पवित्र भूमि के साथ अपने संबंध को और मजबूत करें। इससे भारत का नाम विश्व खेल जगत में पहले पायदान पर पहुंचेगा और बिहार की पहचान वैश्विक स्तर पर और सशक्त होगी।

इस तरह, राजगीर में आयोजित हो रही यह एशियन रग्बी अंडर–20 चौंपियनशिप न केवल खेल का उत्सव है, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान–प्रदान और आपसी भाईचारे का प्रतीक भी है, जो आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार की छवि को और मजबूत करेगा।



## रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बिहार सेंट्रल स्कूल में राखी प्रतियोगिता और वृक्ष संरक्षण का संकल्प

संवाददाता केशव न्यूज । बिहार शरीफ (नालंदा) – रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बिहार सेंट्रल स्कूल, शिक्षा नगर, डोईया में एक प्रेरणादायक और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी प्रतियोगिता के साथ–साथ वृक्षों की रक्षा का संकल्प भी लिया गया, जिससे बच्चों में न केवल भा. ईचारे की भावना विकसित हुई बल्कि पर्यावरण के प्रति भी गहरी समझ पैदा हुई।

विद्यालय प्रांगण में स्थित आम के वृक्ष पर बच्चों ने राखी बांधकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस भावपूर्ण क्षण में बच्चों ने पेड़ को जीवनदायी और परिवार का एक अहम हिस्सा मानते हुए उसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी स्वीकार की। उनका कहना था कि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतने ही आवश्यक हैं, जितने रिश्ते। यह कार्य सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि उनके पर्यावरणीय सोच का जीवंत उदाहरण बन गया।

इसके साथ ही कुछ छात्राओं ने अपने सहपाठियों की कलाइयों पर राखी बांधकर परस्पर प्रेम, एकता और विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सब भाई–बहन के रिश्ते की तरह एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं और हमें मिलकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुंदर प्रसाद ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक महत्ता की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व केवल भाई–बहन तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर उस रिश्ते की रक्षा का व्रत है, जिसमें विश्वास, स्नेह और सहयोग होता है। उन्होंने बच्चों को वृक्षों के महत्व के बारे में भी बताया और कहा कि हर छात्र को साल में कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्ध जीवन की कामना की। पूरा आयोजन भा. वनाओं, मूल्यों और सामाजिक जागरूकता का समन्वय बनकर उभरा, जो न केवल बच्चों के लिए सीखने का अवसर बना बल्कि सभी उपस्थित जनों को भी प्रेरित कर गया।

## ई–लर्निंग किड्स प्ले स्कूल में सावन महोत्सव का आयोजन

### मेहंदी, पौधारोपण और राखी से सजा सावन, बच्चों ने जीते दिल और इनाम

**जुली, श्रेया और पाखी बनीं मेहंदी क्वीन दृ सावन महोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा**

संवाददाता केशव न्यूज । बिहार शरीफ (नालंदा) – नालंदा जिला मुख्यालय स्थित ई–लर्निंग किड्स प्ले स्कूल के प्रांगण में सावन माह की शुभ बेला पर सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में उत्सा. हपूर्वक भाग लिया। मुख्य रूप से मेहंदी प्रतियोगिता, पौधारोपण एवं रक्षाबंधन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक उपहार जीते।




**मेहंदी प्रतियोगिता मे बच्चों ने भाग लिया**

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ग छः की जुली कुमारी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान वर्ग चार की श्रेया कुमारी को मिला, जबकि तृतीय स्थान भी वर्ग चार की पाखी मेहता ने हासिल किया।

**रक्षाबंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल था। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एवं अधिवक्ता डॉ. रणवीर कुमार सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ ऐसे कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में तेजी लाते हैं। उन्होंने पौधारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सकेगा।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन सिंहा ने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता और पौधारोपण जैसे कार्यक्रम बच्चों के मानसिक विकास के साथ–साथ उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी पैदा करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य खुशी सिंह, सविता कुमारी, अनामिका वर्मा, सिमरन कुमारी, रुचिका कुमारी, खुशी कुमारी, विजया कुमारी, संध्या आनंद, जीनत परवीन, सुमैया फिरदौस, जोया खान, श्रेया अंबर, सुजाता कुमारी, सुरुचि कुमारी, पल्लवी कुमारी, श्वेता कुमारी, डोली कुमारी, वंदना कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति तनेजा, रंजू कुमारी, नंदनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, संगीता कुमारी, जुली कुमारी एवं रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।









# बिहार प्रदेश युवा जदयू के महासचिव बने विश्वजीत उर्फ़ बंटी, प्रदेश नेतृत्व के प्रति जताया आभार



संवाददाता केशव न्यूज : बिहारशरीफ (नालंदा) – बिहार प्रदेश युवा जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल ने बिहारशरीफ के युवा एवं ऊर्जावान नेता विश्वजीत कुमार उर्फ बंटी को पार्टी का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। उनके मनोनयन से संगठन में नई ऊर्जा और जोश का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल ने कहा कि विश्वजीत कुमार का राजनीतिक अनुभव, युवाओं से गहरा जुड़ाव और संगठनात्मक क्षमता निश्चित रूप से युवा जदयू को और अधिक मजबूत, धारदार और गतिशील बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बंटी अपने प्रयासों से पार्टी को नए आयाम पर ले जाएंगे और संगठन की विचारधारा को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाएंगे।

नव–नियुक्त प्रदेश महासचिव विश्वजीत कुमार ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री नितीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, युवा प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और पार्टी की नीतियों को गांव–गांव, शहर–शहर तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

उनके मनोनयन पर शुभकामनाओं और बधाइयों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष मो. अरशद, प्रवक्ता धनंजय देव, मीडिया सेल जिला अध्यक्ष निशांत जी, राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

समर्थकों और शुभचिंतकों में इस फैसले को लेकर काफी उत्साह है। माना जा रहा है कि इस नियुक्ति से बिहारशरीफ समेत पूरे प्रदेश में युवा जदयू की पकड़ और अधिक मजबूत होगी।

# गिरियक प्रखंड में पटना होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन




संवाददाता केशव न्यूज गिरियक (नालंदा) – गिरियक प्रखंड के बेलदरिया, रैतर स्थित एनएच–20 पर "पटना होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट" का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर होटल के संचालक रामबालक प्रसाद यादव एवं मुख्य अतिथि बृजनंदन प्रसाद यादव उर्फ बिंदु यादव (पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर होटल का शुभारंभ किया।

होटल व्यवसाय में रामबालक प्रसाद यादव का अनुभव 20 वर्षों से भी अधिक का है। इससे पहले वे पटना लाइन होटल का सफल संचालन कर चुके हैं, जो अपनी बेहतरीन सेवा, स्वादिष्ट व्यंजनों और अतिथि सत्कार के लिए मशहूर रहा है।

नव–उद्घाटित पटना होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट को आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मेहमानों की आरामदायक ठहरने की सुविधा के लिए यहां वेस्टर्न इंडियन बाथरूम, लक्जरी रूम्स, और एसी/नॉन–एसी केबिन की व्यवस्था उपलब्ध है।

होटल का वातावरण स्वच्छ, पारिवारिक और आरामदायक बनाया गया है, ताकि आने वाले प्रत्येक अतिथि को घर जैसा सुकून महसूस हो। स्वादिष्ट भोजन, आकर्षक इंटीरियर और उच्चस्तरीय सेवा के साथ यह होटल नालंदा जिले के यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए एक नया आकर्षण साबित होगा।

उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें भोला खान उर्फ मकसूद आलम, मुनेश्वर प्रसाद, आलोक प्रसाद यादव, बजरंगी यादव, रामलखन यादव, लाटो यादव, बलवंत कुमार, विनेश यादव और राजकुमार प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने होटल की सुविधाओं और माहौल की सराहना की।






# रात में घर से निकला मासूम, सुबह मिली लाश जंगली जानवर के हमले की आशंका

संवाददाता केशव न्यूज : कतरीसराय (नालंदा) – नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक 7 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उसकी जान जंगली जानवर के हमले में गई है। मृतक की पहचान उपेंद्र मांझी के बेटे चिंटू मांझी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, बीती रात चिंटू शौच के लिए घर से बाहर निकला था, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। सुबह ग्रामीण जब खेतों की ओर जा रहे थे, तो रास्ते में उन्होंने चिंटू का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। बच्चे के शरीर पर जगह–जगह नाखून और काटने के गहरे निशान पाए गए, जिससे जंगली जानवर के हमले की आशंका और गहरी हो गई।

सूचना मिलते ही कतरीसराय थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीणों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। लोग प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवर के आतंक को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर बन रहा है दुर्लभ संयोग पूरे दिन रहेगा राखी बांधने का शुभ मुहूर्त



संवाददाता केशव न्यूज : बिहारशरीफ (नालंदा) – नालंदा में इस साल रक्षाबंधन का त्योहार खगोलीय दृष्टि से बेहद शुभ और मांगलिक योग में मनाया जाएगा। 9 अगस्त शनिवार को पड़ने वाले इस पर्व पर ग्रह–गोचरों की स्थिति पूरी तरह अनुकूल है और भद्रा का साया भी नहीं रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार आयुष्मान, सौभाग्य, सर्वार्थसिद्धि और जयद योग का दुर्लभ संगम बन रहा है, जिससे पूरा दिन राखी बांधने के लिए शुभ रहेगा।

स्थानीय ज्योतिषाचार्य पंडित मोहन कुमार दत्त मिश्र ने बताया कि श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त दोपहर 1 बजकर 40 मिनट से शुरू होकर 9 अगस्त दोपहर 1 बजकर 23 मिनट तक रहेगी। पंचांग के अनुसार उदयव्यापिनी पूर्णिमा में ही रक्षाबंधन मनाने का विधान है, इसलिए यह पर्व 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस साल अशुभ ग्रहों की दृष्टि नहीं पड़ रही है, जिससे दिन भर राखी बांधना शुभ रहेगा।

इस बार रक्षाबंधन पर चार विशेष योग बन रहे हैं कृ सुबह 7 बजकर 12 मिनट तक सौभाग्य एवं आयुष्मान योग, सुबह 7 बजकर 13 मिनट से दोपहर 11 बजकर 20 मिनट तक सर्वार्थसिद्धि योग, दोपहर 11 बजकर 24 मिनट से 12 बजकर 36 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त और दोपहर 12 बजकर 37 मिनट से शाम 6 बजकर 32 मिनट तक जयद योग।

सोहसराय हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित सुरेंद्र कुमार दत्त मिश्रा ने रक्षाबंधन की पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन काल में 12 वर्षों तक चले देवासुर संग्राम में देवताओं की हार हो रही थी। ऐसे में देवगुरु बृहस्पति ने श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन रक्षासूत्र तैयार कर देवताओं को बंधवाया, जिसके बाद वे विजयी हुए। यही परंपरा आज रक्षाबंधन के रूप में मनाई जाती है।

शहर में रक्षाबंधन की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। मुख्य बाजारों में रंग–बिरंगी राखियों की दुकानें सज गई हैं, जहां महिलाओं और युवतियों की भीड़ उमड़ रही है। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राखियों के डिजाइन में आधुनिकता का असर साफ दिख रहा है कृ पारंपरिक फोम वाली राखियों का चलन घटा है, जबकि चमकीले स्टोन और मोतियों से जड़ी राखियों की मांग ज्यादा है। बच्चों

# नालंदा में 48 प्रतिशत परिवारों का बिजली बिल हुआ जीरो,
## 65 हजार उपभोक्ताओं को मिली मुफ्त बिजली की सौगात

संवाददाता केशव न्यूज : बिहारशरीफ (नालंदा) – राज्य सरकार की 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का असर नालंदा जिले में अब साफ दिखने लगा है। बिजली विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, चालू महीने में जिले के कुल 1,34,934 घरेलू उपभोक्ताओं का संशोधित बिल जारी किया गया, जिनमें से 64,933 उपभोक्ताओं यानी लगभग 48: परिवारों को जीरो यूनिट का बिल मिला। इसका मतलब है कि इन पि. रवारों को इस महीने एक भी रुपया बिजली बिल के रूप में नहीं देना होगा।



बिहारशरीफ शहरी डिवीजन में 34,308 उपभोक्ताओं में से 14,184 को मुफ्त बिजली का लाभ मिला है। बिहारशरीफ ग्रामीण डिवीजन में 46,904 उपभोक्ताओं में से 24,179 परिवार पूरी तरह मुफ्त विद्युत सेवा का लाभ उठा रहे हैं। राजगीर डिवीजन के 23,932 उपभ: ोक्ताओं में से 10,107 को जीरो बिल मिला है, जबकि एकंगरसराय डिवीजन के 29,790 उपभोक्ताओं में से 16,463 परिवारों को इस महीने कोई भुगतान नहीं करना पड़ा।

बिजली विभाग के अनुसार, संशोधित बिल घर–घर पहुंचाए जा रहे हैं। जिन परिवारों को शून्य राशि का बिल मिला है, उनके चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट नजर आ रही है। कई लाभार्थियों ने कहा कि इस योजना से उनके मासिक बजट में बचत हो रही है, जिससे वे अन्य आवश्यकताओं पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं।

बिहारशरीफ शहरी डिवीजन के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार ने बताया कि नई ऊर्जा नीति के तहत 125 यूनिट तक की खपत करने वाले सभी घरेलू उपभोक्ताओं को शत–प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं की मासिक खपत 125 यूनिट से अधिक है, उनके बिल में भी 125 यूनिट की कटौती की जा रही है। विभाग लगातार जनजागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि अधिक से अधिक परिवार ऊर्जा की बचत कर इस योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें।

# डिज्नीलैंड मेला में नशे में धुत बदमाशों की फायरिंग
## से मची भगदड़, भीड़ ने दोनों को पकड़ कर पीटा

संवाददाता केशव न्यूज : हिलसा (नालंदा) – हिलसा थाना क्षेत्र के चि. कसौरा मार्ग स्थित डिज्नीलैंड मेला में बुधवार की रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब नशे में धुत दो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से मेला में भगदड़ मच गई और लोग इधर–उधर भागने लगे।



हालांकि, कुछ युवाओं ने साहस दिखाते हुए दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। बदमाशों पर लात–घूंसे और थप्पड़ों की बरसात होने लगी। जान बचाने के लिए दोनों बदमाश रोने लगे, लेकिन भीड़ का गुस्सा थम नहीं रहा था।

सूचना मिलने पर हिलसा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनों बदमाशों को भीड़ से छुड़ाकर अपनी हिरासत में लिया। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि अगर पुलिस थोड़ी और देर से पहुंचती, तो दोनों बदमाश मॉब लिंचिंग का शिकार हो सकते थे।

गिरफ्तार बदमाशों की पहचान चकमहद्दीपुर निवासी विकास कुमार और फतेह बिगहा निवासी रवीश कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, एक खोखा और एक बाइक भी बरामद की है।

थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। मेला क्षेत्र में शांति बहाल कर दी गई है और पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# हवनपुरा गांव में करंट की चपेट में आकर रिटायर्ड
## सिपाही की मौत, खेत में गिरा था 11 हजार वोल्ट का तार



संवाददाता केशव न्यूज : रहुई (नालंदा) – रहुई थाना क्षेत्र के हवनपुरा गांव में एक दर्दनाक हादसे में बिहार पुलिस से सेवानिवृत्त सिपाही सत्येंद्र कुमार सिंह की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब वे गांव के बगल स्थित खेत में रोपनी का कार्य देखने जा रहे थे।

मृतक की पहचान 70 वर्षीय सत्येंद्र कुमार सिंह, पिता स्व. रामदहीन सिंह के रूप में हुई है। वे बिहार पुलिस में सिपाही पद पर कार्यरत थे और कुछ वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे।

परिजनों के अनुसार, खेत में पहले से ही 11,000 वोल्ट का एक जर्जर हाई वोल्टेज बिजली तार गिरा हुआ था, जिसकी सूचना किसी ने नहीं दी थी और न ही विद्युत विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई की। जैसे ही सत्येंद्र कुमार खेत में पहुंचे, तार के संपर्क में आने से उन्हें जोरदार करंट लगा और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।इधर, ग्रामीणों में बिजली विभाग की लाप. रवाही को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने दोषी बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए, मृतक के परिजनों को यथोचित मुआवजा देने की मांग की है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# गृह विभाग ने जारी की तबादला
## सूची, पुलिस महकमे में हलचल तेज

संवाददाता केशव न्यूज : (नालंदा) – गृह विभाग के आरक्षी शाखा ने गुरुवार को वरीय पुलिस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की। इस सूची के अनुसार कई जिलों में डीएसपी स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।




हिलसा डीएसपी–1 सुमित कुमार को बिहार पुलिस अकादमी में वरीय पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। उनकी जगह आईपीएस अधिकारी शैलजा को हिलसा डीएसपी–1 की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, हिलसा डीएसपी–2 गोपाल कृष्ण को जहानाबाद जिले का साइबर डीएसपी बनाया गया है। उनके स्थान पर ऋषिराज की तैनाती की गई है।

इसके अलावा, साइबर डीएसपी ज्योति शंकर को पूर्णिया का सदर एसडीपीओ नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर राघवेंद्र मणि त्रिपाठी को साइबर डीएसपी के पद पर तैनात किया गया है।

तबादले की इस सूची के तहत संबंधित अधिकारियों को शीघ्र योगदान करने का निर्देश दिया गया है।






हिंदी दैनिक खबर
# केशव न्यूज

अनमोल वचन
हमें आने वाले कल से अपने आप अच्छे होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आज की गयी मेहनत और तैयारी ही उसे अच्छा बना सकती है।



हर पल, हमारी खबर

केशव न्यूज

बिहार का नंबर 1 अखबार

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

केशव न्यूज़ में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा

खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 9931405353